Gurugram Jagran
14-8.2022

एसवीएसयू के छात्रों ने हर घर तिरंगा गीत गाया

एसवीएसयू के सेक्टर-44 स्थित परिसर से तिरंगा यात्रा निकालते विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू के साथ शिक्षक तथा विद्यार्थी • जागरण

जासं, गुरुग्राम: श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय (एसवीएसयू) के सेक्टर-44 स्थित परिसर में घर-घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम हुआ। कुलसचिव प्रो. आरएस राठौर ने बताया कि कार्यक्रम में हर घर तिरंगा गीत की प्रस्तुति हुई और राष्ट्रीय ध्वज से जुड़ी रोचक जानकारी एक डाक्यूमेंट्री के माध्यम से दिखाई गई। विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के लोक कला बंचारी के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कुलपति राज नेहरू ने तिरंगे की संरचना के बारे में बताते हुए कहा कि तिरंगे का हर रंग अपने आप में एक विशेष संकेत लिए हुए है। इसके बाद विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर से गांव कन्हाई तक तिरंगा यात्रा निकाली। इस मौके पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और स्टाफ मौजूद रहे।

Gurugram Jagran
17-8-2022

श्री विश्वकर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

श्री विश्वकर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण करते श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू • सौ. आयोजक

जासं, गुरुग्रामः श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के अंतर्गत चल रहे श्री विश्वकर्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने ध्वजारोहण कर और बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस पावन अवसर पर विनायक, सन्नी ग्रुप ने लघु नाटिका के माध्यम से प्राचीन इतिहास का चित्रण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. आरएस राठौर समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहे।